फर्द अहकाम

प्रकरण सं०

श्री.. बनाम श्री..

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर अहकाम हुक्म ... में ज...
	24/12/24 पत्रावली पेश हुई। उपखण्ड पीठासीन अधिकारी अन्य कार्य में व्यस्त / अवकाश में है। राजकीय मौखिक आदेश से पेश हो। दिनांक 2/11/25 आदेशानुसार रीडर	
2/11/25	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उप॰। प्रकरण में वकील प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र 111, 128 LR Act स्वीकार किया जाता है। निर्णय पृथक से लिखाया जाकर शु.क. पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ़ (राज.)	

Scanned with CamScanner

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ, जिला भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारी नेहा छीपा (आर.ए.एस)

प्रकरण संख्या 160/2024

उनवान

1. श्री शंकर पुत्र हजारी जाति गाडरी नि0 बिलियाकलां तह0 तह0 हमीरगढ जिला भीलवाड़ा।
2. श्रीमती गंगा पत्नी हजारी जाति गाडरी बिलियाकलां तह0 तह0 हमीरगढ जिला भीलवाड़ा।

——प्रार्थीगण

बनाम

1. श्री उदय लाल पुत्र देवा नि0 बिलियाकलां तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
2. श्री भगवान पुत्र छोगा गाडरी नि0 बिलियाकलां तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
3. श्री गोपाल दत्तक पुत्र उदा प्रजापत(कुम्हार) नि0 बिलियाकलां तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
4. श्री देवी लाल पुत्र बालू प्रजापत(कुम्हार) नि0 बिलियाकलां तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
5. श्री लालू पुत्र भैरू प्रजापत(कुम्हार) नि0 बिलियाकलां तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
6. श्रीमति चतरू पत्नी स्व0 बालू पिता नारायण गाडरी नि0 बिलियाकलां तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
7. श्री भवाना पुत्र नारायण गाडरी नि0 बिलियाकलां तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
8. श्री हेमा पुत्र तुलछा गाडरी नि0 बिलियाकलां तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
9. श्रीनृसिहंजी भगवान स्थान बिलियाकलां पुजारी प्रहलाद सेन, रतन सेन, कैलाश सेन पुत्र प्यारा सेन नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा(राज.)
10. अधिशाषी अभियन्ता राष्ट्रीय राजमार्ग 79 ऑफीस, राज.सी.सै. स्कुल सुभाष नगर भीलवाडा के पास भीलवाडा(राज.)
11. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा।(राज.)

———अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956

निर्णय दिनांक 02—01—2025

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भूॅ—राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 21.11.2024 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि **ग्राम बिलियाकलां पटवार हल्का बिलियाकलां भू0अ0नि0 खैराबाद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा की खाता संख्या 379 की आ.न. 1640/738, 318/1, 330/1 कुल किता 03 कुल रकबा 0.4425 है0 भूमि स्थित है।** वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक **25.11.2024** को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या **01 लगायत 10** बावजूद विधिवत प्रकियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

Scanned with CamScanner

—::आदेश::—

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है कि **ग्राम बिलियाकलां पटवार हल्का बिलियाकलां भू0अ0नि0 खैराबाद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा की खाता संख्या 379 की आ.न. 1640/738, 318/1, 330/1 कुल किता 03 कुल रकबा 0.4425 है0 भूमि स्थित है।** जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार की जावे तथा नियमानुसार निर्धारित शुल्क 400/—पक्षकार प्रार्थी राजकोष में जमा कराये, साथ ही कमिश्नर फीस 500/—रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें।

आदेश आज दिनांक 02.01.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(नेहा छींपा)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ

Scanned with CamScanner